[Shri Nirmal Chatterjee]

Emporium and at the handloom shops where they separately calculate this rebate, which is time-consuming. Instead of that, since the States and the Central Government would be sharing it on fifty-fifty basis, it can, therefore, be calculated and total rebate can be given. **Will** the Minister kindly instruct the shops or the relevant authorities so that the procedure is simplified? This will increase the sale also.

SHRI CHANDRA SHEKHAR SINGH: The rebate is not available for powerloom. It is only for the handloom products.

About calculations, the hon. Member's suggestion is well-taken and we shall try to see that the procedure is simplified.

THE DEPUTY CHAIRMAN; Now we take up the earlier Bill. Shri Vaghela.

THE NARCOTIC DRUGS AND PSYCHOTROPIC SUBSTANCES BILL, 1985—Contd.

श्री शंकर सिंह वघेला (गुजरात) : मैडम डिप्टी चेयरमैन महोदया, स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ विधेयक बहुत समय पहले यहां लाना चाहिए था क्योंकि देश की जो युवा पीढ़ी है वह आज मादक द्रव्यों में इतनी फंसी हुयी है कि इनको कैसे बचाया जाए इस की चिंता सिर्फ यह विधेयक करेगा ऐसा नहीं है। पूरी सरकार को, समाज को, इसकी चिंता करके रास्ता निकालना चाहिए। अगर राष्ट्र को मारना है तो यह कोई जरूरी नहीं हैं कि बार्डर पर उसको मारा जाए। जैसे पहले राजा-महाराजाओं को अफीमी गुलामबन्दी बना कर जिस तरह से अंग्रजों ने राज किया, आज फिर से अफीम, चरस और गांजा का प्रयोग पूरे देश में इतने खराब ढंग से आजकल चल रहा है कि आप किसी भी यूनिवर्सिटी में चले जाइये, देश के जितने राज्य हैं, जितनी यूनिवर्सिटीज हैं उसमें 50 फीसदी स्टूडेंट्स आपको इस द्रव्य के आदी मिलगे। अगर कानून बनने से उसमें कुछ कर सकता है तो अच्छी बात है लेकिन मैं समझता हूं सिर्फ कानून इसमें पूरा नहीं है। स्टूडेंट्स को इस अफीम या चरस या और भी मादक द्रव्य लेने के लिये इच्छा क्यों हुई, यह जानने की बात है। आज की हमारी युवा पीढ़ी दिशाविहीन है। उसको इस बात का डर है कि ग्रेजुएट होने के बाद भी नौकरी मिलेगी या नहीं। बेकारी का डर उसके सामने है। इसका भय उसके सामने है। इस हिसाब से पूरी युवा पीढ़ी पथभ्रष्ट है। उसको सही दिशा देने के लिए अक्षम्य है, ऐसा है आज का आपका समाज। युवा पीढ़ी को दोष दिया जाता है। युवा वर्ग को क्यों दोष दिया जाता है? युवा वर्ग जिसको समाज में सही ढंग से दिशा प्राप्त होनी चाहिए वह सिर्फ कानून से पूरी होगी इस बारे में मेरे मन में शंकाएं हैं। क्योंकि कई साल से, कई प्रकार के कानून अमल में हैं। फिर भी आज इसके अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर जो चोरी और कालाबाजारी घटनी चाहिए थी वह बढ़ रही है। इसका मतलब यह है कि कानून कितने भी आप बना लें लेकिन जो चोरी करने वाले हैं, कालाबाजारी करने वाले हैं नेशनल और इन्टरनेशनल लेवल पर जो लोग हैं, जो कानून का पालन करने वाले लोग हैं उनसे मिल जाते हैं, और इससे उनको बल मिलता है। जहां पर अफीम पैदा होती हैं वहां पर पोस्टिंग करने के लिए दो लाख, चार लाख और यहां तक की पांच लाख रुपये ट्रांसफर के लिए दिये जाते हैं। इसी तरह से जहां पर शराब बंदी है वहां पर भी शराब बनती है और पुलिस इंस्पैक्टर अपनी पोस्टिंग के लिए डेढ़, दो लाख रुपये दे देते हैं। हमारे देश में करप्शन इस हद तक बढ़ गया है कि इस प्रकार के एरियाज के लिए पोस्टिंग करने के लिए एक दो लाख रुपये दे देना बहुत मामली

बात है। जब तक आप सही तरीके से इस बुराई को समाप्त नहीं करेंगे तब तक यह समस्या हल नहीं हो सकती है। जिस इलाके में शराब बंदी है, लेकिन फिर भी वहां पर शराब बिकती है तो आप अधिकारियों को कड़ी से कड़ी सजा दीजिये। जिस एरिया में इस प्रकार की चोरी होती है, जहां पर शराब बेची जाती है वह बिना अधिकारियों की मिल भगत से नहीं हो सकता है। अफीम पैदा करने वाले किसानों के लिए तो आप प्रावधान करते हैं, लेकिन जो लोग इस प्रकार के अपराध करते हैं उनके लिए कड़ी सजा का प्रावधान नहीं किया जाता है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान मध्य प्रदेश आदि जिन क्षेत्रों में अफीम की खेती होती है वहां पर इसके भाव बहुत कम होते हैं, लेकिन बार्डर पर भाव बहुत अधिक होते हैं। इन भावों में जमीन-आसमान का अन्तर होता है। किसानों के लिए तो आप प्रावधान करते हैं, लेकिन जो लोग इन चीजों की स्मगलिंग करते हैं उनको बहुत कम सजा दी जाती है। अभी हालत यह है कि नेपाल के बार्डर से चलकर अफीम बम्बई पहुंच जाती है। यह सब काम अधिकारियों की मिलीभगत के बिना नहीं हो सकता है। जब तक आप इन चीजों की जिम्मेवारी अधिकारियों पर नहीं डालेंगे तब तक यह समस्या हल नहीं हो सकती है। कानून की रक्षा करने वाले ही कानून को तोड़ते हैं। अभी हालत यह होती है कि जिलों में जो कमिश्नर और दूसरे पुलिस के इंस्पेक्टर आदि होते हैं वही कानून को तोड़ने वाले से मिले होते हैं। समाज में जो लोग इस प्रकार के अपराध करते हैं, जो समाज को खराब करते हैं, लोगों में नशीली चीजें बेचते हैं उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने की जरूरत है उनके लिए आप कानून तो बनाते हैं, लेकिन देखने में यह आता है उन कानूनों का ठीक प्रकार से पालन नहीं होता है। कई बार कानून में लूपहोल्स भी होते हैं जिनके कारण स्मगलिंग करने वाले बच जाते हैं। अफीम का जो लोग व्यापार करते हैं वे करोड़ों रुपया कमाते हैं और जब पकड़े भी जाते हैं तो कानून में कमियां होने के कारण छूट जाते हैं। इसलिए मेरा निवेदन है कि आपको इन लूपहोल्स को खत्म करना चाहिए। हम रोजमर्रा समाज को कई दिशा देने की बात करते हैं, लेकिन फिर भी समाज में इस प्रकार की चीजें बेची जाती हैं। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि नशीली वस्तुओं के संबंध में हम जो भी कानून बनाएं उसमें किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होनी चाहिए क्योंकि अगर कोई कमी रहेगी तो फिर ये लोग छूट जाएंगे और समाज में इस प्रकार की चीजों को बेचते रहेंगे। आप जानते हैं कि हमारा देश गांवों में बसता है। शहरों में भी ऐसे लोगों की आबादी अच्छी है। आज कई राज्यों में शराब बंदी होने के बाद भी खुले आम चुनाव के टाइम पर शराब पिलाई जाती है और अफीम जिसकी आप बात कर रहे हैं, कौन सी जगह हिन्दुस्तान में ऐसी है जहां बिना अफीम पिये हुये लोग आज हैं। हमारा 60 करोड़ आबादी का देश है और आप देश के किसी भी कोने में चले जाइये, गांव में बैठे हुए लोगों को 200 ग्राम, 300 ग्राम, 500 ग्राम अफीम पिलाने वाले लोग कौन हैं? ये लोग वोट लेने वाले लोग हैं। हमारे एक कांग्रेस के दोस्त हैं। मैंने उनसे कहा कि आप क्यों पिलाते हो। उन्होंने कहा कि अगर वे मतदान में पिये हुए नहीं होंगे तो वे हमको वोट नहीं करेंगे, इसलिये हम उनको पिलाते हैं ताकि वे वहां

[श्री शंकर सिंह वाघेला]

जाकर जहां उनसे ठप्पा लगवाना है वहां वह ठप्पा लगा सकें। जो लोग यहां इसकी चर्चा करते हैं, चुनाव के टाइम पर वही लोग अपने अपने इलाकों में वोट लेने के लिये खुले आम अफीम, चरस, शराब आदि चीजों का इस्तेमाल करते हैं और वोट लेने के बाद यहां आकर फिर उनको नसीहत देने की बात करते हैं। उपसभापति महोदया, तस्करों को पकड़ने की बात की जाती है।

[उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) सरोजिनी महिषी] पीठासीन हुई]

जब कोई चोर चोरी करने के बाद पकड़ा जाता है, स्मगलिंग करते हुए पकड़ा जाता है तो उसको छुड़वाने के लिये कौन जाता है? वहां के जो आफिसर होते हैं उनको छुड़वाने के लिये टेलीफोन आ जाते हैं। वह आफिसर कहता है कि साहिब फलां एम० एल० ए० या एम० पी० ने मेरे को टेलीफोन करके उसको छुड़वा दिया है। तो मैं कहना चाहता हूं कि जो एम० एल० ए० और एम० पी० या सीनियर आफिसर इस तरह से कहते हैं क्या उनके खिलाफ आप कार्यवाही करने वाले हैं? जो ऐसे कामों में इनडाइरेक्टली पार्टनर हैं, जो इन लोगों के लिये सत्ता में प्रभाव का दुरुपयोग करते हैं, जो पावर से आफिसर्स को दबाने के लिये उसको प्रभावित करता है और मामले को आगे नहीं बढ़ने देते और जिनके बारे में आफिसर कहता है कि एम० एल० ए०, एम० पी० या मिनिस्टर का फोन है तो उसके खिलाफ आप क्या कार्यवाही करेंगे? मैं कहता हूं कि आफिसरों को ऐसे लोगों के प्रभाव में नहीं आने देना चाहिए और जो उनके कहने के अनुसार काम नहीं करते सही काम करते हैं उनको इनाम देना चाहिए। आज अगर वह सही आफिसर है, किसी एम० एल० ए० या एम० पी० के दबाव में नहीं आता है, सही ढंग से काम करता है तो ऐसे आफिसरों का तबादला हो जाता है, उसको खून की धमकियां मिलती हैं, ट्रांसफर की धमकी मिलती है। अगर जो कानून का पालन कराने वाले लोग हैं वे डर जायेंगे तो आप कितने भी अच्छे कानून क्यों न बनायें उससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। जो कानून बनाने वाले लोग हैं वे ही कानून का नहीं करेंगे, वे ही गैर-कानूनी कामों में शामिल होंगे तो फिर कैसे आप सुधार ला सकते हैं। जो बच्चों की आइसक्रीम होती है, जो टाफी होती है उसमें मिलावट होती है, इसमें चरस और अफीम घोलकर आइसक्रीम की टिकिया दी जाती है, 5 से 10 साल के बच्चों को और हमारी युवा पीढ़ी, जो यूनिवर्सिटी के स्टूडेन्ट्स हैं वे चौबीसों घंटे नशे में रहते हैं और अपने दिमाग को खराब करते हैं। जो कल की हमारी भावी पीढ़ी है, जो कल के नेता हैं, जिनके ऊपर देश का भार है उनकी यह हालत है और उनको ठीक करने के लिये यह कानून पूरा नहीं है। कानून तोड़ने वाले जो हैं वे किसान नहीं हैं। अफीम पैदा करने वाला कानून नहीं तोड़ता है उसका दुरुपयोग करने वाला कानून तोड़ता है। आप कैरियर को पकड़ते हैं, कैरियर कोई भी ले जा सकता है, लेकिन उसका बास जो है उसको पकड़कर कैसे बन्द किया जाय इसको भी आपको देखना होगा। जो इसके पीछे मेन लोग हैं, जो बड़े बड़े स्मगलर्स हैं, जिनको इससे ज्यादा पैसा मिलता है ऐसे लोगों को आप पकड़ कर अगर इसमें बंद करेंगे तो मैं समझता हूं कि आप समस्या पर काबू पा सकते हैं। जो एम० एल० ए० या एम० पी० ऐसा करते हैं उनको प्रेस के द्वारा जाहिर करिये। आपके पास मीडिया है, टेलीविजन है, रेडियो है, वी० सी० आर० है, इनका भरपूर उपयोग करके यह बतायें कि इससे कितनी खराबियां हो सकती हैं। इस चीज पर छोटी छोटी फिल्म बनाइये और समाज में अगर आप इसका प्रचार करेंगे, इसको दिखायेंगे कि यह बहुत खराब चीज है तो शायद इससे उनकी आदत टूट जाने की संभावना है। वाइस चेयरमैन साहिबा, जहां तक आपने राज्य

सरकारों को रूल्स बनाने के लिये कहा है मैं कहना चाहता हूं कि इस सारे सबजेक्ट को सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट के नीचे रखा जाय। राज्यों को इसके बीच में मत घसीटिये। इसमें राज्यों और सेन्टर के बीच में तालमेल नहीं होगी। राज्यों के रूल्स अलग रहेंगे और केन्द्र के रूल्स अलग रहेंगे। इसलिये अच्छा है कि सेन्टर धीरे धीरे इसके लिये अनेक प्रावधान कराये और धारा 56 इसमें जो है आपने कहा है सब आपस में एक दूसरे को पकड़वाने में मदद करेंगे। माननीय मंत्री जी, सूरत में आपने रेड डाली थी। वहां जो टेक्स इवेजन हो रहा था वहां जो मिलें चल रही थी सूरत में जो रेड डाली गई तो लोकल पुलिस ने कास्टम से सहयोग करने को मना किया। उन्होंने कहा कि हम नहीं जाऐंगे आपके हुक्म पर। कास्टम वाले पिट गये, मारे गए अस्पताल में एडमिट करना पड़ा। आपके साथ लोकल पुलिस को आप्रेशन करने वाली नहीं है। आप कहते हैं कि कोआप्रेट करेंगे सिर्फ इसलिए कि यह इस में लिखा है। वहां लोकल पुलिस की मिलीभगत है। वह तो पहले उनको रास्ता बता कर टरका देगी। इसलिए राज्यों की स्थानीय पुलिस उनसे पहले मिली रहती है। आप अपने हाथ में मशीनरी ले कर के चलेंगे तो अच्छा होगा। अगर आप यह अपेक्षा करेंगे कि वह मदद करेंगे, वो मदद करेंगे इनकी अपेक्षा छोड़ कर आपको खुद सब कुछ करना है। आप ऐसा करेंगे तो प्रभावकारी ढंग से कार्य कर सकेंगे। इससे युवा पीढ़ी को फायदा होता है तो कानून सिर्फ युवा पीढ़ी को नहीं बचाएगा लेकिन पूरे समाज की जिम्मेदारी और समाज में आप और हम सब भागीदार हैं। युवा पीढ़ी की चिन्ता आप युवा वर्ष में कर रहे है इसलिए स्वापक औषधि और मन: पदार्थ प्रभावी विधेयक, 1985 आप लाए हैं, मेरा कहना तो यह है कि इसमें आप शराब को भी ले आएं तो और भी अच्छा होगा। क्योंकि शराब भी दिमाग खराब करने वाली चीज है इसलिए शराब को भी इसी श्रेणी में रखिये इससे भी वही कुप्रभाव होते हैं। मैं इन शब्दों के साथ इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) सरोजिनी महिषी] : कल्पनाथ राय जी, आपसे प्रार्थना है कि आप 10 मिनट लीजिए।

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदया, जो सरकार ने बिल पेश किया है, हम उसका समर्थन करते हैं। आजादी की लड़ाई के दौरान हमारे स्वतन्त्रता सेनानियों ने भी मद्य निषेध, शराब-बन्दी, नशा-बन्दी को ले कर आन्दोलन किया था और अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ जो आजादी की लड़ाई लड़ी गई उस में शराब की दुकानों की पिकेटिंग की थी और नशीले पदार्थों को त्यागने के लिए राष्ट्र के पैमाने पर आन्दोलन किया था। स्वदेशी आन्दोलन में यह भी बहुत बड़ी चीज थी और इस स्वदेशी आन्दोलन ने भी हमारे देश की आजादी की लड़ाई को बहुत मजबूत किया था। आजादी के बाद हमारे देश में इस चीज का इस्तेमाल बढ़ा है। जनता सरकार के जमाने में मद्य निषेध का कानून लाया गया था और मैं समझता हूं कि वह बहुत ही सही कदम था। आज फिर इस सरकार से निवेदन करना चाहते हैं कि वह इस मद्य या ड्रग के इस्तेमाल करने वालों गांजा अफीम हशीश हेरोइन जितने मद्य पदार्थ हैं इनका व्यापार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सरकार को करनी चाहिए वरन् आने वाली पीढ़ी को इसका फल भुगतना पड़ेगा। मैं आपको बताना चाहता हूं, वर्तमान रूस के कम्युनिस्ट पार्टी के जनरल सेक्रेटरी गोर्बाचोव ने पहला काम यह किया है कि रूस में शराब पर पाबन्दी लगा दी है जिसके कारण पूरे रूस में गोर्बाचोव की लोकप्रियता बहुत जबरदस्त बढ़ी है वहां की महिलाओं ने गोर्बाचोव के इस काम का स्वागत किया है। मैं अपने देश के नये प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी और अपनी सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि आने वाले खतरे को

[श्री कल्पनाथ राय]

ध्यान में रखते हुए हिन्दुस्तान में नशाबन्दी और हर तरह के ड्रग के इस्तेमाल पर कड़ा कानून बनाए। मैं गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूं जो नेपाल की सीमा पर स्थित है। आज अफीम का व्यापार, हशीश, हेरोइन, गांजा का व्यापार एक बड़े ही व्यापक पैमाने पर चल रहा है। मैं हुक्मदेव नारायण यादव जी से सहमत हूं कि जो गांजा के तस्कर व्यापारी हैं, वह खुद काम नहीं करते, बल्कि यह गांजा नेपाल से सैकड़ों, दो सौ, तीन सौ, चार सौ, पांच सौ मजदूरों को एम्पलाय करते हैं और जिन लोगों की रोजी-रोटी नहीं है, बिलकुल बाण्डेड लेबर की किस्म के लोग हैं, या बिलकुल गरीब हैं, दरिद्र हैं, निर्धन हैं, उन लोगों के माध्यम से वह गांजे का व्यापार करते हैं और आधुनिकतम हथियारों से लैस उनकी गाड़ियां चलती हैं पांच-पांच सौ व्यक्ति नेपाल से गांजा लेकर चलते हैं और वह भटनी रेलवे स्टेशन से होते हुए घाघरा नदी को पार करके अन्य इलाकों में वह लोग चले जाते हैं। अगर कहीं पुलिस रास्ते में आती है, तो वह आधुनिक अस्त्रों से लैस तस्कर पुलिस से मुठभेड़ करते हैं और अपने सामान की रक्षा करते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदया, आज इस धंधे में एक इण्टरनेशनल गैंग तस्करी के व्यापार में अफीम से बनने वाली हेरोइन या उससे बनने वाली हशीश, इन चीजों का व्यापार आज व्यापक पैमाने पर हो रहा है और स्कूलों और कालेजों में भी अब लड़के ड्रग का इस्तेमाल करना शुरू किये हैं और हमारी मल्टी-नेशनल कम्पनियां भी अपने ड्रग्स को एक्सपरिमेंट के तौर पर हमारे देश के अंदर मादक पदार्थों को व्यापक पैमाने पर बेच रहे हैं। तो आज जब देश में, आज रूस और अमरीका जैसे शक्तिशाली राष्ट्रों के सामने भी एक समस्या पैदा हो गई है, वहां की पीढ़ियां, वहां के लोग शराब, नशीले पदार्थों का इस्तेमाल कर अपने राष्ट्र के जीवन को क्षत-विक्षत कर रहे हैं, तो ऐसी हालत में हमारा देश जो विकासशील देश है, इस देश में अगर इस तरह की चीजों का इस्तेमाल बढ़ेगा, तो भविष्य इतना खराब और अंधकारमय होगा कि हमारे देश की नई पीढ़ी, अगर इन चीजों का इस्तेमाल करना सीख जाएगी तो शहीदों के खून से अर्जित हिंदुस्तान की आजादी को बचाना भी हमारे लिये मुश्किल हो जाएगा। यह पूरी आजादी पर हमला है। मैं कह सकता हूं कि यह सांस्कृतिक हमला है। यह पूरी आजादी को खत्म करने का हमला है। कोई अगर विदेशी ताकत अपने शस्त्रों के बल पर हमारे मुल्क पर कब्जा नहीं कर सकती है, अगर वह लड़ाई के माध्यम से हमारे देश पर कब्जा नहीं कर सकती है, तो पूरे देश की पीढ़ी को मादक पदार्थ के इस्तेमाल को व्यापक पैमाने पर करवा कर पूरी पीढ़ी को नष्ट कर सकती है। यह भी एक सांस्कृतिक हमला है। हमारे देश के ऊपर समाजवादियों के द्वारा, उपनिवेशवाद ताकतों के द्वारा हिंदुस्तान में मादक पदार्थों का इस्तेमाल व्यापक पैमाने पर कर दिया जाए और ड्रग का इस्तेमाल, या हशीश का इस्तेमाल या हेरोईन का इस्तेमाल या अफीम से बनने वाले सामानों का इस्तेमाल, या गांजे का इस्तेमाल, या शराब का इस्तेमाल इस मुल्क में इतने व्यापक पैमाने पर कर दिया जाए कि जो देश का अगुआ वर्ग है, अभिजात वर्ग है, जो देश का शासन करने वाला वर्ग है, वह इन मादक पदार्थों के जाल में फंस जाए और यह राष्ट्र गुमराह हो जाए और व्यापार व्यापक पैमाने पर मेरे देश में हो रहा है कितना ?

मैं तो कहता हूं कि आपने बीस वर्ष की सजा की है, आज जो हशीश, गांजे के व्यापारी या अफीम बेचने वाले हैं या मादक पदार्थ को बेचने वाले हैं या समाज के अंदर जो हशीश, हेरोइन बेचने वाले हैं, उपसभाध्यक्ष महोदया,

इनकी पकड़ कहीं-कहीं होती है क्योंकि यह तो अपना काम गरीब लोगों के माध्यम से कराते हैं। यह अपना धंधा हजारों-हजार जो समाज के बेकार लोग हैं, उनको पचास या सौ रुपया या दो हजार रुपया महीना देकर उनसे काम कराते हैं और करवाते हैं और अपने आधुनिक हथियारों से लैश होकर आए दिन में सफलता प्राप्त करते हैं।

आदरणीय महोदया, हमारी जो चैक पोस्ट्स हैं, हमारी भारत की सीमा नेपाल से लगी हुई है, भारत की सीमा बंगला देश से लगी हुई है, भारत की सीमा पाकिस्तान से लगी हुई है। अभी पाकिस्तान से तीन करोड़ का हशीश हमारी दिल्ली पुलिस ने पकड़ा है, जो पाकिस्तान से हिंदुस्तान होते हुए चीन हशीश जा रही थी।

आज एक इण्टरनेशनल गैंग है जोकि आपरेट कर रहा है। तो प्रश्न है कि इस अवैध धंधे में हमारे सरकारी कर्मचारियों और बड़े-बड़े पुलिस अधिकारियों की भी मिली भगत है।

मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि कितने सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की गई, कितने लोगों को बरखास्त किया गया जिन्होंने अपने काम में ढिलाई की, या जिन्होंने कोई सख्त कदम नहीं उठाया? पुलिस की मिलीभगत है यह देश के तस्कर, गुंडे और पुलिस, बड़े आदमी, पुलिस का स्तकर, ये तीनों मिल करके इस अवैध धंधे को करते हैं। इन तीनों में एक गठबन्धन है, जो तथाकथित बड़ा आदमी, पुलिस और गुंडे ये तीनों की एक एक्सेज बनी हुई है जिसके माध्यम से ही यह अवैध धंधे हो रहे हैं और इसको सरकारी अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त हो रहा है। आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदया, इमर्जेंसी के दौरान हाजी मस्तान को बम्बई में गिरफ्तार करके जेल में डाल दिया गया था। उस जमाने में हमारे जिले के हजारों लोग जो हाजी मस्तान के साथ उसके अवैध धंधे में काम करते थे, उन बहुत से लोगों ने हमें बताया कि हाजी मस्तान के जेल में चले जाने के कारण हम लोगों का रोजगार बंद हो गया। यानि बम्बई और कलकत्ते में जो पूर्वी उत्तर प्रदेश या उत्तर भारत के लोग रोजी-रोटी की तलाश में जाते हैं ऐसे लाखों गरीब लोगों का ये बड़े-बड़े तस्कर, स्मगलर अपने धंधों में उनको इस्तेमाल करते हैं। उनकी बांह इतनी लंबी है कि जब तक इनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही नहीं होती तब तक इनका कुछ नहीं होगा। इनके लिए तो फांसी की सजा होनी चाहिए क्योंकि ऐसे लोगों के लिए दस-बीस वर्ष की सजा कोई विशेष चीज नहीं है। आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदया, इस बिल के माध्यम से जो पकड़े जायेंगे यानि गांजा का व्यापार जिसके बारे में बहुत से मित्र जानते हैं कि नेपाल से जितना गांजा आता है, यह सब जो बंधुआ किस्म के मजदूर हैं, जो गरीब लोग हैं, हरिजन, गिरिजन, आदिवासी हैं, मुसार हैं, जनजाति हैं या जिन्हें कोई काम-धंधा नहीं मिल पाता है उन लोगों के माध्यम से ये बड़-बड़े गांजा के व्यापारी अपना अवैध धंधा करवाते हैं। उन लोगों के सिर पर गांजा ऐसे लाद दिया जाता है जैसे कि गाय और भैंस पांच-पांच सौ की संख्या में बोझ उठा कर चलती हैं वैसे ही ये पांच-पांच सौ की संख्या में चलते हैं और इन मजदूरों के पीछे-पीछे आधुनिक हथियारों से लैस गांजे के व्यापारी चलते हैं। नेपाल से चले सीधे उन्होंने सीमा पार किया, इधर आया, वहां से आये भटनी रेलव स्टेशन, भटनी रेलवे स्टेशन से आगे आये और सरजू नदी को पार किया और फिर गाजीपुर पहुंचे; गंगा पार किया तथा फिर बलिया तक पहुंच गए। तो यह इस प्रकार का धंधा है। ऐसे लोग जो कि इस धंधे में लिप्त हैं उनकी गर्दन को पकड़ने की क्या व्यवस्था है? हमारे यहां जो अवैध मादक पदार्थों का धंधा चल रहा है इसमें एक तरफ से पुलिस, दूसरी तरफ तस्कर व्यापारी और तीसरी तरफ गुंडे हैं, जो कि असामाजिक तत्व

[श्री कल्पनाथ राय]

हैं, राष्ट्रद्रोही हैं, गुंडे, पुलिस और तथाकथित बड़े आदमी ये तीनों मिल कर इस मादक पदार्थों के धंधे को इस मुल्क में बढ़ा रहे हैं। कोशिश यह होनी चाहिए कि जो पुलिस के कर्मचारी इन अपराधियों को इस अवैध धंधे को करने में प्रोत्साहन देते हैं उनको बर्खास्त किया जाए। कितने पुलिस के अधिकारी जो सीमाओं पर लगे हुए हैं नेपाल के, बंगाल के और पाकिस्तान के, ऐसे कितने बड़े-बड़े अफसरों को बर्खास्त किया गया है? कितने गुंडे अपराधी हैं जो गिरफ्तार किए गए, फिर सरकार उनको छोड़ देती है। एक बार गिरफ्तार किया किन्हीं कारणों से फिर वे छूट जाते हैं। आप क्यों नहीं इनको बंद करते हैं। इनको तब तक बंद करना चाहिए जब तक कि इनकी रीढ़ की हड्डी न टूट जाए। इस धंधे को करवाने वाले जो हाजी मस्तान जैसे लोग हैं या और कुख्यात तस्कर हैं इनके खिलाफ भी सरकार को कठोर कदम उठाने चाहिएं। एक अंतिम निवेदन करके मैं अपनी बात को खत्म करूंगा, आज इस देश में नई पीढ़ी को एक बड़ा भारी खतरा है, यूनिवर्सिटी और कालेजों में इन मादक पदार्थों का इस्तेमाल बढ़ रहा है, वहां पर लड़के शराब पीने की आदत सीखने लगे हैं और वे ऐसी-ऐसी गोलियों का इस्तेमाल कर रहे हैं कि जिन्हें खाकर वे लड़के तीन-तीन दिन बेहोश रहते हैं। तो इस प्रकार यह साम्राज्यवादी ताकतों द्वारा यहां की नई पीढ़ी पर एक सांस्कृतिक हमला है। तो मेरा निवेदन है कि आजादी की लड़ाई के दौरान में आजादी की लड़ाई लड़ने वालों ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में लाखों-लाख की संख्या में मदिरा की दुकानों पर एजीटेशन किया था, सत्याग्रह किया था, आंदोलन किया था, खादी-स्वदेशी का आंदोलन चलाया था, विदेशी वस्त्रों की होली जलाई थी। इस प्रकार स्वदेशी को प्राथमिकता दी गई थी। अब जिस आजादी की लड़ाई के दौरान महात्मा गांधी के नेतृत्व में, जवाहर लाल जी के नेतृत्व में नशाबंदी, शराब-बंदी के खिलाफ सत्याग्रह किया गया, आज उसी जमाने में देश की आजादी के बाद उन्हीं चीजों को सरकार क्यों नहीं खात्मा करती है? यह देश की नई पीढ़ी देश के नए प्रधान मंत्री को बधाई देगी, अगर इस मुल्क में प्रोहीबिशन, पूरे राष्ट्र में प्रोहीबिशन को लागू किया जायेगा। आज कम्युनिस्ट कंट्री रूस के जो जनरल सेक्रेटरी गोर्बाचोव हैं, ने पूरी कंट्री में प्रोहीबिशन को लागू किया है और इसी कारण आज गोर्बाचोव रूस के पापुलर लीडर बन गए हैं। वहां जगह-जगह उनको पसंद किया जा रहा है। रूस जैसे देश में भी पूर्ण मद्य-निषेध किया गया है।

अमरीका और पश्चिमी देशों में आज यह एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है। अभी भी हमारे देश में, जो सारे विकासशील देश हैं, पश्चिमी जगत की जो वहां खराबियां हैं, उनको लेने की कोशिश की जा रही है। मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि जहां मैं आपके इस विधेयक का समर्थन करता हूं, वहीं आपसे और सरकार से निवेदन करता हूं कि हिन्दुस्तान में पूर्ण मद्यनिषेध को तत्काल लागू किया जाना चाहिए...(**समय की घंटी**)...और जो असामाजिक तत्व, राष्ट्र-द्रोही तत्व, एण्टी सोशलिस्ट, गुण्डे बड़े-बड़े तस्कर व्यापारी हैं, उनके लिए कड़ी से कड़ी सजा, आजीवन कारावास या मृत्यु दण्ड की व्यवस्था की जाए ताकि यह रोग जो संक्रामक रोग की तरह फल रहा है, उसे रोका जा सके। तपेदिक, हैजा तथा दूसरे संक्रामक रोगों की तरह आज देश में नशीली दवाओं, नशीले पदार्थों का उपभोग बढ़ रहा है और इसके लिए युद्धस्तर पर अभियान छेड़ने की जरूरत है, सरकार को इस दिशा में कड़ी से कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए और कम से कम प्रोहीबिशन तो सारे राष्ट्र में तत्काल लागू करना चाहिए।

महोदया, 2 अक्तूबर महात्मा गांधी का जन्म दिन है और 2 अक्तूबर को अगर इस कार्य को कर सकें, तो राष्ट्र-

पिता महात्मा गांधी के प्रति देश की महान श्रद्धांजलि होगी । देश के अतीत के इतिहास को, देश की आजादी की लड़ाई के इतिहास को सामने रख कर हमें भविष्य का निर्माण करने के लिए मद्यनिषेध को तत्काल लागू करना चाहिए और इसके लिए कड़ी से कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए, इस कानून को मजबूती से लागू करना चाहिए ताकि हेरोइन, हशीश, गांजा तथा अन्य नशीले पदार्थों पर रोक लगाई जा सके । इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं ।

श्री सूरज प्रसाद (बिहार) : महोदया, मैं इस बिल का समर्थन करता हूं और समर्थन करते हुए यह कहना चाहता हूं कि आज मादक-द्रव्यों की तस्करी कुछ लोगों के लिए स्वर्ग बन गई है । अगर कोई झटपट धनी बनना चाहे, तो उसे मादक द्रव्यों की तस्करी का रास्ता अख्तियार करना चाहिए । यह देखने को मिलता है कि कल जो गांव में खाक छाना करते थे, आज मादक द्रव्यों की तस्करी से करोड़पति बन गये हैं और धीरे-धीरे यह प्रवृत्ति बढ़ती ही चली जा रही है । इस पेशे में आखिर कौन लोग लगे हैं ? गांव का गरीब किसान इस पेशा में नहीं है, गांव का मजदूर इस पेशा में नहीं है, कोई गरीब मजदूर इस पेशा में नहीं है, यह पेशा करने वाले समाज के संपन्न लोग हैं, जिनके हाथों में काफी दौलत है, करोड़-पति, लखपति इस व्यापार को करते हैं । इस व्यापार के अन्दर वह गांवों के या शहरों के जो गरीब लोग हैं, उनको फंसा कर यह काम करते हैं । यह लोग फंसते हैं, इसलिए कि सरकार शहरी गरीबों को या दूसरे गांव के गरीबों को कोई काम नहीं देती या दूसरा कोई स्वस्थ धंधा उनको नहीं मिल पाता । इसलिए यह समाज-विरोधी तत्वों के चंगुल में फंस जाते हैं और उनसे इस प्रकार यह कार्य लिया जाता है । अगर यह देखा जाए तो यह व्यापार देश के दो छोरों में फैला हुआ है ···पश्चिम और पूर्वी छोरों पर । पाकिस्तान से हमारे देश के अंदर हेरोइन और आपियम की तस्करी होती है । इसी तरह से पूर्वी छोर पर मणिपुर का इलाका तस्करी का अड्डा बन गया है जहां थाईलैंड से हेरोइन और दूसरे मादक द्रव्य काफी मात्रा में आते हैं और यह धंधा एक ऐसा धंधा है कि जिसमें सोने की तस्करी से भी ज्यादा लाभ होता है । इसलिये आज हेरोइन की तस्करी का अड्डा दिल्ली बन चुका है और दिल्ली में काफी लोग इस धंधे में लगे हुए हैं । पाकिस्तान से वह मंगाते हैं और यहां से अफीम, हेरोइन और दूसरे मादक द्रव्यों को बंबई और कच्छ भेजते हैं जहां से यह विदेशों को निर्यात होते हैं । तस्करी का धंधा आज इतना व्यापक हो गया है कि समाज का एक बड़ा हिस्सा इस में लगा हुआ है । न सिर्फ अखबारों से यह बात आती है कि जहाजों के कर्मचारी भी इस तस्करी के व्यापार में लगे हुए हैं बल्कि दूतावासों के कुछ लोग भी इसमें लगे हुए हैं ऐसा पता चला है । इसलिये लगता यह है कि यह धंधा धीरे-धीरे काफी लोगों को अपने चंगुल में फंसाता जा रहा है । अभी कई माननीय सदस्यों ने बिहार और यू० पी० में गांजे की तस्करी के बारे में चर्चा की । मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि मैं बिहार से आता हूं । बिहार के अंदर गांजा नेपाल से आता है जैसे कि यू० पी० में आता है और जिस को माननीय सदस्य ने अभी बताया । यह आसाम से आता है बिहार में, और मणिपुर से आता है । यह ट्रकों में आता है । और ट्रक में अदरक लादा जाता है और उस के बीच में गांजे के बोरे रहते हैं और जितने भी चेक पोस्ट होते हैं उन पर बंधा हुआ पैसा हाथों में थमा दिया जाता है और वह ट्रक पास कर दिया जाता है । इस धंधे में पुलिस के लोग भी मदद करते हैं । इस धंधे में राजनीतिक लोग भी लगे हुए हैं और सरकार के अधिकारी भी इसमें संलग्न हैं । इसलिये आज यह व्यापार बहुत ही कुख्यात हो गया है और काफी लोग इसके शिकार बन चुके हैं । कालेज के विद्यार्थी और दूसरे लोग आज इन मादक द्रव्यों का सेवन कर अपने स्वास्थ्य

[श्री सूरज प्रसाद]

और आध्यात्मिक विकास का मार्ग अवरुद्ध कर रहे हैं। आज दिल्ली में अगर देखा जाये तो किसी भी पान की दुकान पर, चाय की दुकान पर या किसी निम्न कोटि के होटल में मादक द्रव्य मिल सकते हैं। इसलिये आज दिल्ली बड़ा ही कुख्यात हो गया है इस मामले में। दिल्ली के अंदर तो अफीम से हेरोइन बनाने की प्रयोगशाला भी खुल चुकी है। सरकार को मालूम है या नहीं, लेकिन सरकार को यह नोट करना चाहिए कि अफीम से हेरोइन बनाने की प्रयोगशाला दिल्ली में कई पाई गई हैं। प्रश्न उठता है कि सरकार ने इस कानून को बनाया है। इसमें पहले से कुछ कड़ा प्रावधान भी सजा का किया है। जहां पहले 3 वर्ष की सजा थी ओपियम ऐक्ट में या दूसरे कानूनों में, उनमें तीन वर्ष की सजा थी। सरकार ने कानून में 10 वर्ष के स्थान पर सजा को बढ़ाकर 20 वर्ष कर दिया है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि सरकार के जो पहले कानून थे जरूर उनमें कुछ कमजोरी थी चाहे ओपियम ऐक्ट हो, चाहे डेन्जरस ड्रग ऐक्ट हो या कस्टम हो। कस्टम ऐक्ट भी इन चीजों को रोकता था। कानून के अनुसार सरकार के कई विभाग इस तस्करी को रोकने में संलग्न थे। नारकौटिक ब्यूरो, ड्रग इंस्टीट्यूट, केन्द्रीय गुप्तचर ब्यूरो, प्रान्तीय पुलिस, विभिन्न तरह की सरकारी ऐजेन्सियां इसे रोकने में लगी हुई थीं। फिर भी देखने को मिलता है कि यह रुकी नहीं, बढ़ती जा रही है। क्या कारण है। कारण यह है कि तस्करी के व्यापार में बहुत अधिक मुनाफा है। मार्कर्स ने कहा था कि अगर किसी व्यापार में तीन सौ प्रतिशत मुनाफा हो तो व्यापार करने वाला फांसी की सजा भी स्वीकार कर सकता है, लेकिन वह व्यापार को बन्द नहीं करेगा। इसलिए सरकार ने कानून बनाने की कोशिश की है, कड़े से कड़ा, कठिन से कठिन दण्ड देने की व्यवस्था की है, 10 से 20 वर्ष की सजा कर दी है, 20 वर्ष की सजा एक तरह से जन्म भर की सजा होती है, लेकिन फिर भी मेरा कहना यह है कि सरकार ने पहले भी कानून बनाया था, फिर भी ये कानून इस तस्करी को क्यों नहीं रोक पाए। मेरा ख्याल यह है कि सरकार के पास राजनैतिक इच्छा, पौलिटिकल विल का अभाव है कानून को लागू करने के लिए। इसलिए सरकार के जितने भी कानून पास होते हैं, उनकी रक्षा नहीं होती है। अगर यह कानून पास भी हो जाए तो मेरी समझ यह है कि तस्करी का व्यापार नहीं रुकेगा। क्यों नहीं रुकेगा? क्योंकि बहुत से तस्कर व्यापारी हैं जिन्हें समाज में प्रतिष्ठा और इज्जत प्राप्त है। बड़ी से बड़ी तस्करी करने वाले पार्लियामेंट और ऐसेम्बली के सदस्य होते हैं, आज भी हैं। मान लीजिए कांग्रेस पार्टी में कोई तस्कर व्यापारी हो तो क्या कांग्रेस पार्टी उनको अपनी पार्टी से निकाल देगी मेरी पार्टी में हो तो मैं उसे निकालने के लिए तैयार हूं। क्या सरकार यह करने के लिए तैयार है। मान लीजिए कोई विधायक आपके यहां तस्कर है तो क्या सरकार उसे पार्टी से निकाल देगी?

श्री सुखदेव प्रसाद (उत्तर प्रदेश) : निकाला है। ... (**व्यवधान**)

श्री सूरज प्रसाद : दूसरी बात मैं कहना चाहता हूं आज तस्करी का धन शेयर खरीदने में लगा हुआ है। आज शेयर के बाजार में बूम है। यह धन कहां से आ रहा है। काला धन कहां से आ रहा है? तस्करी का व्यापार काला धन है। क्या सरकार ऐसे लोग जो शेयर बाजारों में शेयर खरीद रहे हैं क्या उनका धन सरकार जब्त करेगी या ऐसे लोग जिन्हें तस्करी से करोड़ों रुपया मिला है, उनके धन को जब्त करेगी? दिल्ली के अन्दर एक व्यक्ति है, नाम मुझे याद नहीं, जो करोड़पति है, ईश्वर चन्द्र है या नाम आप कहेंगे तो मैं बता दूंगा। उसके पास इतना धन है तो क्या सरकार उसको जब्त करेगी? इसलिए मैं सरकार से कहना चाहता हूं। कि जो तस्करी से पैसा कमाता है या नये तरीके से चोरबाजारी से कमाता है वह समाज में प्रतिष्ठा पाता है, समाज के लोग उसको घृणा की दृष्टि से नहीं देखते हैं, तो क्या उनके

विरुद्ध सरकार कोई पब्लिक ओपीनियन क्रिएट करेगी ताकि ऐसे तत्वों के खिलाफ समाज में प्रचार हो? तभी सही माने में देश के अन्दर तस्करी के व्यापार को चाहे मादक द्रव्यों में हो या अन्य किसी तरीके से, इस पर रोक लगाई जा सकती है। इसलिए मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि अगर मादक द्रव्यों की तस्करी रोकना चाहती है तो कानून को लागू करने की दिशा में पोलिटिकल विल दिखाये ताकि साथ ही साथ इस कानून में भी कुछ संशोधन करे कि अगर कोई तस्करी करता हुआ पकड़ा जाए तो उन्हें सजा हो न दी जाए वरन् उनकी सारी सम्पत्ति को भी जब्त कर लिया जाएगा। इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्रीमती सुधा विजय जोशी (महाराष्ट्र): माननीया उपसभाध्यक्ष महोदया, दो महीने पहले की बात है देहली से 15/20 किलोमीटर दूरी पर एक गांव में हम कुछ महिला कार्यकर्ताएं एक कैम्प में गयी थीं। उस शिविर के शिविरार्थी थे ड्रग एडिक्ट्स। सर्वनाश तक ले जाने वाली महाभयानक आदत को छुड़वाने के लिये वे कैम्प में आए थे। उनका ड्रग के बिना तड़पना देखा नहीं जाता था। उनके शरीर को ड्रग की इतनी आदत हो गई थी कि उसके बिना किसी को उलटी हो रही थी, किसी को बार-बार टट्टि आ रही थी, किसी को बुखार आया था। जो ड्रग एडिक्ट है, उनको ड्रग न लेने से ये हालत, और ड्रग लेने से जानवरों जैसी अवस्था, कुछ काम के नहीं, अपनी ही धुन में मग्न थे। इस कैम्प में बहुतांश युवक कालेज में पढ़ने वाले थे। मां-बाप बिचारे परेशान थे दुनियाभर में लाखों स्त्री-पुरुष खास कर युवक-युवतियां नशीले पदार्थों के अधीन हुए हैं।

कुछ साल पहले, ड्रग एडिक्ट कहें तो एक तस्वीर सामने आती थी वह थी हिप्पियों की। मैले, गंदे, कपड़े पहना हुआ, रूखे सूखे लम्बे बाल वाला, नशे में, अपनी ही धुन में, गंदी जगह पर पड़ा हुआ हिप्पी। लेकिन आजकल देखें तो हमारे देश में भी इन नशीली चीजों पर प्रसार हो रहा है। अब तक ऐसे लगता था कि हमारी संस्कृति हमारी आर्थिक स्थिति ऐसी चीजों को नहीं अपना सकेगी लेकिन न केवल उच्च लोगों में बल्कि मध्यम वर्गीय लोगों में यहां तक कि मिल मजदूर, खेत मजदूरों में इसका फैलाव हो रहा है खास कर युवा वर्ग इसकी ओर आकृष्ट होता जा रहा है।

दिल्ली यूनिवर्सिटी कैम्पस में से, और कुछ दिल्ली के कालेजों में से 3000 विद्यार्थियों का सर्वे किया। उसके अनुसार 11 प्रतिशत विद्यार्थी ड्रग एडिक्ट निकले। तीन सालों में सिर्फ हेरोइन के अधीन युवकों की संख्या कुछ हजारों से एक लाख तक पहुंची है। डिपार्टमेंट आफ सायकिया आफ मद्रास मेडिकल कालेज के स्टडी ग्रुप के अनुसार 70 प्रतिशत पुरुष और 20 प्रतिशत महिला इन्टर्नस नियमित शराब लेते हैं। इससे भी खतरनाक चीज यह है कि 25 परसेंट युवक और 30 परसेंट युवतियां केनाबिस जैसी खतरनाक नशीली दवा की शिकार हो गयी हैं। दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता जैसे बड़े शहरों के साथ-साथ छोटे शहरों में भी "स्मोक ए ज्वायंट" जैसी चीजें कामन हो गयी हैं। कोई मिल के लिए, कोई कम्पनी के लिए, तो कोई प्रस्थापित मूल्यों के खिलाफ उठ खड़े रहने की बहादुरी हम दिखा सकते हैं, यह सिद्ध करने के लिए ड्रग्स लेते हैं। उनके परिणाम क्या होंगे यह वे जानते नहीं, और हमेशा हमेशा के लिए अपना जीवन बरबाद कर लेते हैं।

महोदया, उत्तर भारत में खेत मजदूरों को ड्रग देकर, उनके नशे में मालिक उनसे भरपूर काम करा लेते हैं और जीवन भर वे ड्रग के गुलाम और ड्रग के लिए उन मालिकों के गुलाम बनते हैं। सामाजिक रूढ़ी और धार्मिक परम्परा के कारण भी गांजा चरस जैसी चीजें कुछ समुदायों को उपलब्ध हो सकती हैं। किसी कारण मादक पदार्थों का सेवन करने से मनुष्य बरबादी की ओर जाता है, बरबादी मोल लेता है। महोदया, हमारी युवा पीढ़ी को बरबाद होने से बचाने के लिए नशीली दवाओं का व्यवसाय करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करना जरूरी है और इस विधेयक से

[श्रीमती सुधा विजय जोशी]

सरकार ने उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं, ये कदम स्वागत योग्य है।

नशीली दवाओं का आयात-निर्यात बढ़ गया है और इन्टरनेशनल नारकोटिक कंट्रोल बोर्ड के 1984 की रिपोर्ट के मुताबिक भी, भारत को ट्रांजिट कंटरी के रूप में इस्तेमाल करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। दिल्ली और बम्बई ऐसे ड्रग बाहर भेजने के महत्वपूर्ण प्वाइंट्स हैं। यह बात हमारे वित्त मंत्री महोदय ने 26 मार्च, 1985 को अतारांकित प्रश्न सं० 903 के जवाब में माना है। पश्चिमी देशों में हिरोईन और हशिश चोरी छिपे ले जाने के लिए भारत एक मेजर ट्रांजिट पाइंट है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और इरान जो गोल्डन क्रिसेन्ट कहलाते हैं और थाईलैण्ड लाओस और बर्मा जिसे गोल्डन ट्रायंगल कहते हैं, उसके बीच में बड़ी मौके की जगह पर हिन्दुस्तान बसा हुआ है और इसलिए ड्रग ट्रांजिट के लिए बड़ा आइडियल है। जिस प्रकार बाहर के देशों से नशीले पदार्थ आते हैं वैसे ही हमारे देश में भी ओपियम की पैदायश करते हैं। यह ओपियम फार्मास्युटिकल प्रोडक्ट्स को निर्यात करने के लिए पैदा करते हैं, लेकिन आजकल ओपियम के लिए केमिकल सबस्टीट्यूट हो गया है। बहुत से देश पॉपी की पैदायश करते हैं। इसलिए हमारी ओपियम की मांग घट गई है। पैदा किया हुआ ओपियम या तो हमारे मार्केट में आ गया है या हिरोईन बनाने वाली इल्लीगल फैक्ट्री में इस्तेमाल किया जा रहा है। इस व्यवसाय में लगे हुए लोग इस देश में अपना आसन वरिष्ठ करेंगे तो फिर उनसे सामना करना बड़ा कठिन होगा जैसे कि अन्य देशों में हुआ है। कोलम्बिया में ड्रग ट्रैफिकर्स और माफिया गेंग के खिलाफ अभियान चलाया तो कानून मंत्री को ही जान से मार दिया गया। इतना पैसा उनके पास होता है कि वे कुछ भी कर सकते हैं। इसलिए ऐसे बड़े कानून की सख्त जरूरत थी। इस विषय में जो पुराने कानून थे वे पर्याप्त नहीं थे। इन कानूनों के अनुसार ड्रग ट्रैफिकिंग जैसे गुनाह के लिए कुछ महीनों की जेल काटना या फाइन देना जैसी मामूली सजा पर गुनहगार छूट जाता था। मिनिमम सजा तीन साल की होती थी जब कि ईस्ट एशियन कन्ट्रीज में ट्रैफिकिंग के लिए मौत की सजा देते हैं। इस विधेयक में क्लाज 15 से क्लाज 32 तक अलग-अलग गुनाहों के लिए अलग-अलग सजा दी गई है।

इल्लीगल कैनाबिस कल्टीवेशन और गांजा प्रोसेसिंग के लिए विद्यमान कानून के मुताबिक 6 महीने से 2 साल की सजा हो सकती थी, लेकिन इस विधेयक के अनुसार पहले गुनाह के लिए पांच साल (इम्प्रीजनमेन्ट) कैद और पचास हजार रुपये जुर्माना और रिपीटेड आफेन्स के लिए 10 साल की कैद और एक लाख रुपये जुर्माना है। मिनिमम पनिशमेन्ट इसमें नहीं दी गई है, यह कोर्ट पर छोड़ दिया गया है। ऐसे गुनाहों के बारे में मिनिमम पनिशमेन्ट का जिक्र बिल में ही करना आवश्यक है।

इस बिल में नशीली दवाओं की पैदाइश से लेकर उसका पजेशन, खरीदी, बिक्री, ट्रांसपोर्ट, भारत में अन्तर्राज्यीय, और भारत के बाहर निर्यात, आयात, चरस, हाशिश जैसे नशीले पदार्थों का और साइकोट्रापिक सबस्टन्सेस का इस्तेमाल तक सब का जिक्र किया गया है। इन गुनाहों के लिए कम से कम 10 साल की कैद और एक लाख रुपया जुर्माना और यह सजा 20 साल की कैद तक और दो लाख जुर्माने तक बढ़ सकती है। कोर्ट को लगे तो इससे भी ज्यादा बढ़ सकती है। इस प्रकार से सजा बढ़ाई है यह बड़ी अच्छी बात है। लेकिन यह सजा ज्यादा नहीं है। इन गुनाहों में जितनी सजा दें उतनी कम ही है।

क्लाज 27 के मुताबिक व्यक्तिगत इस्तेमाल के लिए थोड़ी मात्रा में ये पदार्थ रखने वाले को अधिकतम एक साल की सजा या फाइन रखा है, यह सजा बहुत कम है। नशा करने वालों को भी कड़ी सजा मिलनी चाहिए तभी वे नशा करने से डरेंगे। इसमें भी मिनिमम पेनल्टी नहीं दी है। यह भी उचित नहीं। मिनिमम पेनल्टी रखनी चाहिए। ये पदार्थ अपने

व्यक्तिगत इस्तेमाल के लिए हैं यह प्रूव करना एक्ट की जिम्मेदारी रहेगी, यह इस विधेयक में जो क्लाज है, यह उचित ही है। पुराने कानूनों के मुताबिक नारकोटिक्स कस्टम्स, सेन्ट्रल एक्साइज जैसी एजन्सीज को गुनाहों का इवेंस्टिगेशन करने के अधिकार नहीं थ। इस विधेयक में य अधिकार इन एजन्सीज को दिय गय हैं जिससे गुनाहों की तलाश अधिक गति से करने में मदद होगी। ड्रग्स के दुष्परिणाम लोगों के मन पर विदित करें इसलिय यूनिवर्सिटी की, मास कम्युनिकेशन मीडिया की, सेवा भावी संस्थाओं की सहायता लने का सरकार का विचार स्वागतयोग्य हैं। इसमें सरकार वित्तीय सहायता भी देगी, यह कार्य एक अच्छा कदम है।

महोदया, इस प्रकार का कानून सिर्फ बनाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि उसको सख्ती से कार्यान्वित करना चाहिए। आशा है इसके लिए सुयोग्य कायवाही होगी और हमारी युवा पीढ़ी विश्वास का जीवन जी सकेगी।

इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करती हूं।

THE VICE-CHAIRMAN [DR. (SHRIMATI) SAROJINI MAHISHI]: Mr. P. Radhakrishnan.

SHRI PUTTAPAGA RADHAKRISHNA (Andhra Pradesh): Madam, I am not going to oppose the Bill: On the other hand, I welcome the Bill. First of all, I am of the opinion that this should have been enacted a long time back. It is already much delayed, and it would have saved the future of the youth of the country, particularly students, if the Bill had been enacted long back. So I am not going to speak much on this Bill. I would say only a few words,

According to me. even the present state of this Bill is not sufficient to cope up with the needs, because primarily it is a proposal only to enhance the minimum punishment to "Anders. As a matter of fact, no offender will fear the length of imprisonment. First of all, professional criminals will escape through loopholes of the law. They will never come into the hands of enforcing authorities. So it is not sufficient to propose the length of imprisonment but there must be effective enforcement of the law; enforcing authority and machinery must be effective.

Another thing. This is not, I think, referring to anything about the Narcotic Drugs Commission. I am told that the International Narcotic Drugs Commission working from Geneva is not satisfied with the functioning and constitution of the National Narcotic Drugs Commission of India and, more paticularly, it has a very bad opinion of it, because there are no experts in said Commission and only it is constituted by the politicians and they are working at the hands of their political motives. So this is also one of the reasons for their not being able to control the dangers out. of it.

Madam, every speaker is speaking about the students using these drugs and materials. But it is in the hands of the Government to check it. Of course, students may be aware of the consequences or may be aware of the temporary needs for which they may use them. I request the Government to take appropriate steps to stop the students from using these drugs. Some speakers were also talking about the use of these drugs by the politicians during the elections or during other functions. That is why I request the Government that they may check it. And hence T support the Bill.

श्री रामचन्द्र विकल (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया, इस विधेयक का स्वागत भी करता है और समर्थन भी करता है। साथ ही विरोधी पक्ष के सभी लोग इसका समर्थन कर रहे है। वे इसका खाली समर्थन नहीं कर रहे हैं बल्कि वे यह भी कह रहे हैं कि इसे बहुत पहले हो जाना चाहिए था। अगर ऐसा है तो

[श्री रामचन्द्र विकल]

मैं उनसे कहूंगा कि वे सलेक्ट कमेटी को भेजे जाने वाली अपने संशोधन को वापस ले लें क्योंकि इससे आपकी ही मंशा पूरी की जा रही है। जब यह विचार के लिये आया है तो इसको सलेक्ट कमेटी में भेजने के बजाय इस को जल्दी पारित कर देना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदया, यह एक सत्य है कि स्वराज से पहले हमारे देश में सरकार ऐसा काम नहीं करती थी, इसको समाज करता था, धार्मिक संगठन करते थे, सामाजिक संगठन करते थे और समाज में यह बुराई नहीं थी, सौवां हिस्सा भी यह बुराई समाज में नहीं थी। लेकिन जैसे देश में स्वराज आया अपनी सरकार आई, हमारा समाज कमजोर होता चला गया और सारा काम हम सरकार पर छोड़ते चले गये। सरकार के कानून बनने से पहले ही उसको तोड़ने की विधि बताने वाले विशेषज्ञ हमारे देश में पैदा हो गये। अब यह चीजें इस ढंग से चल रही है कि छोटे देहातों में ऐसी चीजें सुनाई जाती है और जिसको हमारी नई पीढ़ी पढ़ती भी है। डिप्टी चेयरमैन साहिबा, एक बार इलाहाबाद में ठहरने का मौका पड़ गया। वे नावल पढ़ रहे थे। खाना रखा रहा और वह खाने को न खाएं। मैंने बोला खाना रखा है, खाते क्यों नहीं है। साहब बड़ा दिलचस्प किस्सा पढ़ रहा हूं। क्या किस्सा है? क्या किताब है? जासूसी नावल पढ़ रहा हूं। भाई इससे क्या फायदा हो रहा है? इसमें चालाकी का जवाब चालाकी से देने की बहुत सी कहानियां भरी हुई हैं। क्या फायदा होगा? मुझ पर एक दफा मुकदमा हो गया। मकान मालिक का नोटिस आया एक लिफाफे में बन्द हो कर मैंने उस मकान मालिक के लिफाफे को खोल कर कोरे कागज भर कर दूसरे लिफाफे में भेज दिये और कहा कि आपने मेरे पास कोरे कागज क्यों भेजे है। और जवाब दे दिया। तो चालाकी का जवाब चालाकी से देने का साहित्य बांट रहे हैं, सिनेमा आज बच्चों को समाज को अपराध सिखा रहा है, समाज में कानून का पालन करने की क्षमता न रहे, सरकार का भय खत्म हो रहा है, चुनाव की पद्धतियों की वजह से, दूसरी कमजोरी की वजह से, ईश्वर का भय नहीं रहा, फिर तो अपराध का ही आज यह विधेयक आया है मैं सरकार से इतना ही कहना चाहूंगा कि सरकार अपने कानूनों को जरूर सख्त करे मगर कानूनों से पहले कानून का पालन कराने वाले जो अधिकारी है जिनसे आप पालन कराएंगे उस एजेंसी को भी मजबूत करना होगा। अगर कोई कमजोरी होती है मगर हमारे अधिकारी लोग कानून का पालन कराते है उनमें कोई कहीं कमजोरी नहीं है यह बात आप जरा होशियारी से देखेंगे। हर एक समाज में जितने संगठन हैं चाहे धार्मिक हों, सामाजिक हों यह स्वराज्य आने के बाद कमजोर पड़ते गये हैं। जो नाम मात्र को आज रह गये हैं सरकार उनका सहयोग ले सकती है, तब अपराध बहुत कम हो जाएंगे। समाज का भय अभी भी लोगों में बहुत है कम तो हुआ है मगर जब समाज दण्डित करता है तो उसका भय सब मानते हैं। सरकार जो कानून बनाती है, जेल जाने के भी अब आन्दोलन होते हैं, अपराध बढ़ाने के आन्दोलन होते है। यह जो विधेयक आया इसमें जो दण्ड की व्यवस्था है ठीक है सब लोग मांग कर रहे है कि कम है इसको बढ़ाया जाए मगर उसके पहले उसकी मान्यता कैसे हो इस पर विचार करना चाहिये। मैं इस विधेयक का हृदय से स्वागत करता हूं दिल से समर्थन करता हूं। साथ ही सरकार से यह कहना चाहूंगा कि हमारे जो कर्मचारी है अधिकारी हैं जो कानून का पालन करवाते हैं उनकी देखभाल भी जरूर होनी चाहिये। वे तो कहीं अपराधियों से मिले हुए नहीं है। वह तो कानून तोड़ने वालों को शह नहीं देते हैं अपराधियों को शह नहीं देते हैं, तस्करों को बचाने के लिए शह नहीं देते है। इस तरह से सरकार की जिम्मेदारी अपने अधिकारियों के प्रति है। इसी तरह यूनिवर्सिटी, कालेज और स्कूलों का सम्बन्ध है, यह अपराध खास कर हमारे नये बच्चे और बच्चियों में आ रहे हैं, यह देश का दुर्भाग्य है। जिस जवान पीढ़ी पर हम उनका भविष्य और देश का भविष्य छोड़े बैठे हैं अगर वह कुरीतियों में फंसते चले

गये तो देश का क्या होगा । माननीय सदस्यों ने कई ऐसी बातें बताई हैं जिनको मैंने आज तक नहीं सुना था न ही मैं जानता था, इन सब से हम नयी पीढ़ी को बचा पाएं, रोक पाएं, इसके लिए हमें परिवारों में, समाज में, धार्मिक संगठनों में, सामाजिक संगठनों का सहयोग लेना पड़ेगा । खाली कानून और सरकार अकेले इन अपराधों को रोक सकेंगे ऐसा मेरा विश्वास कम है । मैं फिर इस विधेयक का समर्थन करते हुए सरकार से कहूंगा कि अपने कर्मचारियों, धार्मिक और सामाजिक संगठनों का सहयोग लेकर एक हवा फैलाएं समाज में अगर कोई गलत बात हो रही है किसी तरह से अश्लील साहित्य का प्रचार हो रहा है, नशे को बढ़ाने वाला काम हो रहा हो तो चाहे आपके सिनेमाघर हों, रेडियो स्टेशन हो इन सब से अच्छी बातों का प्रचार आप करें तब मैं समझता हूं कि इस विधेयक का अर्थ साकार होगा वरन् कानून बना देने से आप सफल नहीं होंगे । कानून जरूरी है मैं जानता हूं, दण्ड भी जरूरी है लेकिन दण्ड और कानून का पालन करने वाले समाज की शक्ति सरकारी कर्मचारियों की शक्ति और सहयोग साथ होना चाहिये । इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं ।

SHRI S. W. DHABE (Maharashtra): Madam Vice-Chairperson, the Bill which has been brought before the House, though it is a welcome measure, is a bad piece of legislation. There are a number of defects which will come in the way of implementation and which will be challenged in the courts of law as defective legislation giving confusing powers to Government in many of its provisions. No doubt, this menace is very grave. It was 3.6 per cent in 1979. It has gone up to 12 per cent in 1983 in metropolitan cities.

Among the university boys, this drug addiction has increased to a very large extent in my opinion because there is a feeling that education has become useless. There is also a feeling that there is frustration in life. And the life has become a misery for them. Due to unemployment and other problems they feel that they have no other way but to take to drug addiction. It is not merely out of any curiosity that the boys are taking to drug addiction but it is also due to the failure of our social system and also our failure in providing alternative useful channels to the energies of the student community and the youth. Unfortunately, in our country, sports and healthy recreation facilities are very meagre. Therefore, this menace has a very large impact on the youth of our country. Not only that. There is an erosion in the moral values. Political life is seen by the people as the centre of corruption. And no administration is working without corruption. And dedicated and sincere and honest Government servants have become a rarity. Therefore, unless we re-establish the moral values, we cannot save the system. We have given up the Gandhian path. We have also given up prohibition. And now you will find liquor centres everywhere with large number of youths taking liquor during day time and during college hours and school hours.

SHRI R. RAMAKRISHNAN: This Bill is about drugs.

SHRI S. W. DHABE: This Bill which has been brought has really got a very laudable motive. But, cultivation, production and illicit drug trade in narcotics has increased to a very large extent. And it is increasing very fast. And we are encircled by those countries who are in this trade. They have also opened their centres. When I went through the provisions of this Bill, I was surprised to find that this sort of Bill has been brought forward without any serious application of mind. Therefore, I support what my friend, Mr. Ramakrishnan, has said that this should have been referred to a Select 1 Committee. This is one Bill which is very important in its application and in its impact on our society. But I this has been drafted in such a way

[Shri S. W. Dhabe]

that it will have a little impact in its enforcement I will only deal with some provisions of the Bill and show how it will be ineffective. For example, take sub-clause (3) of Clause (1) of the Bill. It is not that the Bill is going to come into force immediately as the Members think. It shall came into force on such date as the Central Government may appoint. And different dates may be appointed for different provisions and for different States. For the first time I am finding this provision of different States. We have got the provisions of the Industrial Disputes Act where different provisions are brought on different dates. For the first time we have added a new category of 'different States' in this Bill.

